






## एक नजर में

### विश्वमंगल्य सभा का एक दिवसीय सदाचार सभा प्रशिक्षण वर्ग और नूतन कार्यकारिणी घोषणा



**बुरहानपुर।** वर्ग में बुरहानपूर के कार्यकर्ताओं को सदाचार सभा का प्रशिक्षण देने हेतू अखिल भारतीय सदाचार सभा संयोजिका श्रीमती सोनिया तरहालकर जी एवं क्षेत्र संगठन मंत्री सुश्री पूजा पाठक जी इनका विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मालवा प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती जयश्री ताई पाटील इनकी गरीमामयी उपस्थिती थी। बुरहानपूर की अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा महाजन जी के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण ग्रहण किया। विश्वमांगल्य सभा के उद्देश की जानकारी देते हुए सुश्री पूजा पाठक जी ने कार्यकर्ताओं को कार्य केन की प्रेरणा दी। सदाचार सभा के संपूर्ण आयोजन, नियोजन एवं उन्हें रचनात्मक बनाने के बारे में सोनिया जी ने मार्गदर्शन दिया। कार्यकर्ताओ ने चर्चा में बढ़. चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शहर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई पुन: श्रीमती अनुराधा महाजन ने अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। श्रीमती शैलजा यादव उपाध्यक्ष, योगिता देशमुख . सचिव, सुनीता साखरे. सह.सचिव, त्रिशला राजे . कोषाध्यक्ष, विना सांगलीकर . सदाचार सभा संयोजिका, मोहिनी महाजन . सदाचार सभा सहसंयोजिका, अभिलाषा चौधरी . सदाचार सभा संयोजिका शनवारा चौक से लालबाग , ऐसे दायित्व सभी ने ग्रहण कर। श्रीमती जयश्री पाटील जी ने नूतन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी।

### श्रावण में प्रतिवर्षनुसार 350 बिल्वपत्र के पौधे ग्राम बोदरली में घर- घर नि :शुल्क वितरित



**बुरहानपुर।** सावन मास का प्रत्येक दिन भगवान शिव की आराधना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का शुभ अवसर होता है इसी पवित्र भाव को जीवंत करते हुए पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ जो गायत्री परिवार से जुड़े हुए हैं और शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराड़ा में शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं शिक्षाए योग ओर पर्यावरण मे उनका सराहनीय कार्य रहा है उन्होंने इस वर्ष भी अपने पांच वर्षों की सतत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 350 बिल्वपत्र के पौधे श्रद्धालुओं को निशुल्क वितरित किए। संजय राठौड़ अपने खेत में प्रत्येक वर्ष आम जामुन कटहल शहजन नीम पीपल बरगद शीशम करंज कचनार चिरोल और विशेष रूप से बिल्वपत्र के सैकड़ों पौधे बीजों से तैयार करते हैं जिन्हें वे सावन मास में घर घर जाकर श्रद्धालुओं को भेंट स्वरूप प्रदान करते हैं यह कार्य पूर्णत: नि:स्वार्थ भाव से पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक उन्नति हेतु किया जाता है। बिल्वपत्र का पर्यावरणीय महत्व अत्यंत गहन है यह पौधा वायुमंडल को शुद्ध करने की अद्भुत क्षमता रखता है इसके पत्तों में औषधीय गुण विद्यमान होते हैं जो वातावरण को रोगमुक्त बनाने में सहायक हैं वहीं धार्मिक दृष्टिकोण से यह वृक्ष भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है स्कंद पुराण के अनुसार बिल्वपत्र अर्पित करने से अनगिनत पुण्य फल की प्राप्ति होती है और आध्यात्मिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रद्धालु इन पौधों को गमलों में रोपित कर प्रतिदिन उन्हें जल अर्पित करते हैं जिससे एक ओर उनका शिवभक्ति से जुड़ाव सुदृढ़ होता है वहीं दूसरी ओर वे हरियाली बढ़ाकर पर्यावरण के प्रति अपना उत्तरदायित्व भी निभाते हैं। संजय राठौड़ का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है कि भक्ति केवल मंदिरों तक सीमित नहीं होती बल्कि प्रकृति की सेवा में भी उसका वास्तविक रूप प्रकट होता है सावन के इस माह में यदि हर भक्त एक बिल्वपत्र का पौधा रोपकर प्रतिदिन उसमें जल चढ़ाए तो न केवल आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा बल्कि धरती भी हरी भरी होकर हमें आशीर्वाद देगी।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का किया अवलोकन



**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को जिले में निर्माणाधीन शासकीय भवनो का औचक निरीक्षण किया। निर्माणाधीन कार्यो के अवलोकन के दौरान कार्यो में गुणवत्ता रखने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। विदित है कि कलेक्टर श्री सिंह ने बहादरपुर रोड पर बनाये जा रहे नवीन तहसील भवन ग्रामीण व शहरी, जनपद कार्यालय भवन, नजूल भवन एवं नवीन एसडीएम कार्यालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर सिंह ने सभी निर्माणाधीन नवीन भवनो के कार्यों को शीघ्र.अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

### यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु सड़क किनारे का अतिक्रमण हटाया

**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी के निर्देशन



मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं स्टाफद्वारा आज दिनांक 04/08/2025 को पुलिस बल एवं नगर निगम विभाग के साथ शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से सड़क किनारे दुकानों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाया गया, उक्त कार्यवाही जय स्तंभ , मंडी चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, फूल चौक कमल चौक, शिवकुमार प्रतिमा तक अतिक्रमण कार्यवाही की गई। आमजन एवं व्यापारियों से अपील भी की गई है कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालन हेतु सड़कों पर सामान रख अतिक्रमण न करें। कार्रवाई में यातायात थाना स्टाफ सहायक उप निरीक्षक अजीत जाट, आरक्षक इफ्तेखार एरेनसिंग, रामू गुजर, अरुण तोमर, नगर निगम अधिकारी हितेश गीते व नगर निगम अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# हत्या के आरोपी का अवैध अतिक्रमण ढहाया

## 2 स्थानों पर बना रखी थी टपरियां, पुलिस , प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** 35 साल की भाग्य श्री नामदेव धानुक की चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या करने वाले नेपानगर के शेख रईस पिता शेख आसिफका संजय नगर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे पसरा अतिक्रमण प्रशासन, पुलिस की टीम ने नपाए नेपा मिल के साथ मिलकर ध्वस्त कर दिया। आरोपी ने यहां काफी हिस्से में अतिक्रमण कर भैंसों का तबेला बना रखा था। साथ ही एक स्थान पर टपरी में भैसों के लिए चारा रखता था। दरअसल आरोपी दूध का कारोबार करता था इसलिए उसने यहां तबेला बना रख था। घटना के दिन से ही मांग की जा रही थी कि आरोपी के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई होना चाहिए। उसका अवैध अतिक्रमण तोड़ा जाना चाहिए तब प्रशासन ने एक दिन पहले उसकी वैधए अवैध संत्तियों की जांच कराई। सोमवार दोपहर 3 बजे एसडीएम भागीरथ वाखला के नेतृत्व में टीम संजय नगर ओवरब्रिज के नीचे पहुंची। यहां जेसीबी से आरोपी का अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किया गया।

गौरतलब है कि शुक्रवार रात 11 बजे नेपानगर निवासी शेख रईस पिता शेख आसिफने नावरा में घर में घुसकर भाग्यश्री नामदेव धानुक की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया थाए लेकिन उसे सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

**दोपहर 3 बजे से शुरू हुई कार्रवाई, डेढ़ घंटे चली :**-दोपहर 3 बजे से टीम कार्रवाई करने पहुंची। यह कार्रवाई करीब डेढ़ घंटे चली। पहले जेसीबी से एक टपरी तोड़ी गई। साथ ही आसपास का अतिक्रमण खाली कराया गया। इसके बाद आंगनवाड़ी के पास भी आरोपी ने एक टपरी बनाकर अतिक्रमण कर रखा था। यहां पशुओं के लिए चारा रखा था। उसे भी जेसीबी से ध्वस्त किया गया।

**कार्रवाई में यह रहे शामिल:**- कार्रवाई में एसडीएम भागीरथ वाखला, एसडीओपी निर्भय सिंह अलावा, नेपा थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, नपा सीएमओ मोहन अलावा, बिजली कंपनी के सहायक यंत्री आरके पाटील, नगर पालिका के अफसर, कर्मचारियों की टीम और तहसीलदार दिनेश भेवंदिया आदि मौजूद रहे।

**आरोपी को न्यायालय में पेश कर भेजा खंडवा जेल :**-आरोपी को वारदात की रात ही पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया था। उससे लगातार पूछताछ की जा रही थी। सोमवार दोपहर पुसिल की पूछताछ पूरी होने पर कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे विशेष न्यायालय बुरहानपुर में पेश किया गया जहां से आरोपी को खंडवा जेल भेज दिया गया है।

## बुरहानपुर में 13 साल से निकल रही कावड़ यात्रा में ताप्ती नदी से जल लेकर असीरगढ़ पहुंचे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विगत 13 वर्षो से लगातार निकल रही जय हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा अब सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं रही है। यह राष्ट्र जागरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुकी है। इस यात्रा में हर.हर महादेव के जयकारों के साथ ताप्ती नदी से जल लेकर हजारों कावड़िए सोमवार सुबह तिलक हाल से ऐतिहासिक असीरगढ़ किले की ओर रवाना हुए।

बतादे कि महाभारत कालीन अहीरगढ़ यानी असीरगढ़ किले पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पुन: गरिमा दिलाने का संकल्प इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। कावड़िए ताप्ती तट से जल भरकर असीरगढ़ की पथरीली चढ़ाई तक जाते हैं। इस दौरान वे करीब 20 किमी का कठिन रास्ता नंगे पांव तय करते हैं। यात्रा संयोजक अमित वारुड़े ने बताया कि मां भारती के परम वैभव और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ यह कावड़ यात्रा हर साल निकलती है। भाजपा नेता गजेंद्र पाटील ने कहा कि धार्मिक यात्राओं के माध्यम से युवा हिन्दू राष्ट्र के निर्माण पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन मंदिरों तक ऐसी यात्राएं निकाली जानी चाहिए।

कावड़ यात्रा तिलक हॉल से निकलकर पांडुमल चौराहाए बाई साहब की हवेली और मंडी चौक से होते हुए इंदौर.इच्छापुर हाईवे से असीरगढ़ के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में जयेश पासीए पंकज प्रजापतिए नीरज महाजनए राहुल पटेलए नीलेश कुशवाहाए शुभम प्रजापतिए प्रमोद प्रजापतिए अंकित पासीए मनीष पासी सहित हजारों युवा शामिल हुए।

## सांसद का पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए योजना बनाने अनुरोध



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सोमवार को खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने लोकसभा में संसदीय क्षेत्र खंडवा के धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए विशिष्ट परियोजना बनाने की मांग सदन के माध्यम से पुरजोर तरीके से रखी। केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्वास दिलाया कि सरकार द्वारा इस दिशा में कार्ययोजना बनाई जाएगी।

**धरोहरों का दीर्घकालिक संरक्षण हो:**- लोकसभा में नियम 377 के तहत अपनी बात रखते हुए सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील ने सदन के माध्यम से अनुरोध किया कि मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की ओर दिलाना चाहता हूँ। मध्यप्रदेशए जिसे ष्भारत का हृदयष् कहा जाता हैए अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासतए ऐतिहासिक स्मारकोंए वन्यजीव अभयारण्यों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात है।

**संसदीय क्षेत्र में कई ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थल:**-सांसद ने मांग रखते हुए कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत यहाँ असीरगढ़ का किला, कुण्डी भंडारा, राजा जयसिंह की छतरी, जैन मंदिर, श्रीराम झरोखा मंदिर, कबीर मंदिरए स्वामी नारायण मंदिर, जयंती माता मंदिर ;बडवाह, पेशवा बाजीराव प्रथम का स्मारक;बडवाहद्ध हनुमंतिया टापू और ओंकारेश्वर सहित अन्य कई धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटन न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता हैए बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करता है। इन अमूल्य धरोहरों का दीर्घकालिक संरक्षण और प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

**सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक :**-सांसद श्री पाटील ने बताया कि इन पर्यटन स्थलों का रखरखाव केवल सौंदर्गीकरण का विषय नहीं हैए बल्कि यह राज्य के आर्थिक भविष्य और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। मेरा केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध हैं कि पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए कोई विशिष्ट परियोजना चलाई जाए तथा उस हेतु आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए या केंद्र सरकार की विभिन्न पर्यटन विकास योजनाओं, जैस स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में उक्त पर्यटन स्थलों को सम्मिलित किया जाए जिससे यह राज्य देश के अग्रणी पर्यटन स्थलों में शुमार हो सके।

## ईच्छापुर के स्कूलों की हालत जर्जर



**नवभारत न्यूज,**
**इच्छापूर ।** ग्राम इच्छापुर के स्कूलों की हालत जर्जर होगई है। इस संबंध में एसडीएम साहब ने भी इच्छापूर आकर जायजा लिया था.। शा.उ0 माध्यमिक शाला के के अंतर्गत आने वाले प्रा.मा.शालाओ के कमरो से बारिश का पानी टपक रहा हैं। बच्चों को पडने में असुविधा हो रही है। इसी कारण वरिष्ठ अधिकारीयों ने सरपंच एवं सचिव को अवगत कराते हुए कहा इन जर्जर स्कूलों की मरम्मत करना होगा। प्रथान पाठक के ऑफीस में कुछ बच्चे पढाई कर रहे है। जिसमें मध्यान्ह भोजन के भी कमरे में बारिश में पानी टपक रहे है। समुह वालो को भोजन बनाने में असुविधा होती है। स्कूलों के कमरे पुराने होने कारण जर्जर अवस्था में है। जिला प्रशाभन इस ओर ध्यान देने की पहल करे।

## पातोंडा में देवी कान बाई माता की पूजा एवं जागरण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्राम पंचायत पातोंडा में भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में देवी कान बाई माता की पूजा एवं आराधना का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा मंडल उपाध्यक्ष वैभव महाजन के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ।

पूजा उपरांत रात्रि में भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं व श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। भजन.कीर्तन, माता की महिमा का गुणगान और पारंपरिक वादन के माध्यम से रात भर वातावरण भक्तिमय बना रहा। आज प्रात:काल ग्राम की महिलाओं द्वारा पारंपरिक रीति. रिवाजों के साथ देवी कान बाई माता का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा ढोल.ताशों, जयकारों और गीतों के साथ निकाली गईए जिसमें ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वैभव महाजन ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा किए यह आयोजन ग्राम की एकता, संस्कृति और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। हम सब मिलकर ऐसे आयोजन आगे भी करते रहेंगे। माता रानी अगले वर्ष फिर पधारेंए सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।

## कलेक्टर ने दिए झाड़ियों को हटाने एवं आवागमन को सुगम बनाने के निर्देश



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता.स्वतंत्रता का उत्सवए स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। अभियान के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए हैं। अभियान में नगरीयए पंचायतए परिवहनए गृह ए स्वास्थ्यए शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागो की महती भूमिका हैं।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, एमपीआरडीसी को निर्देश दिए है कि अपने अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाली सड़कों के किनारे झाड़ियों की कटाई.छटाई कराना सुनिश्चित करें। इससे आवागमन सुगम होगा और आमजन के लिए सुविधाजनक रहेगा। उन्होंने नगर निगम को शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए है। विदित है कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित रही।

एसडीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में बैठकें लेना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने रूटिन निरीक्षण रिपोर्टए छात्रावास एवं स्कूलों के निरीक्षण रिपोर्ट की गहराई से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वरोजगार योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। यह भी कहा किए विभाग प्रमुख बैंकों से समन्वय कर योजनाओं से संबंधित प्रकरण शीघ्र स्वीकृत करवायें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सख्त निर्देश दिए है कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जिन विभागो की रैंकिंग में सुधार नहीं होता हैए तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही होगी। बैठक में समाधान विषयों, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पौधा रोपण, राजस्व वसूली, न्यायालीन प्रकरणों, राशन वितरण सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहानए सीईओ जिला पंचायत सुश्री लता शरणागत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**यादे** सेवासदन शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष, विकास पुरूष, शिक्षाविद व हमारे प्रेरणा स्त्रोत

## स्व . ठाकुर वीरेन्द्रसिंहजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सेवासदन शिक्षा समिति बुरहानपुर के पूर्व अध्यक्ष, विकास पुरूष, जनजन के हृदय में बसने वाले, शिक्षाविद व हमारे प्रेरणा स्त्रोत स्व. ठाकुर वीरेन्द्रसिंहजी की सप्तम पुण्यतिथि के अवसर पर सेवासदन महाविद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां यह उल्लेखनीय है कि स्व. ठाकुर वीरेन्द्रसिंहजी ने षिक्षा के क्षेत्र में अपना उच्च स्थान बनाया है आज वे हमारे बीच नहीं है किंतु उनकी स्मृति हमारे बीच अवष्य है, उनकी कार्य करने की पद्धति सर्वश्रेष्ठ थी। वे हमेशा टीम स्पिरीट और पॉजिटिव थिंकिग को प्रेरित करते रहे। सर्वश्रेष्ठ को प्राप्त करने का यही उनका मंत्र था। यद्यपि शारीरिक रूप से वे आज हमारे बीच नहीं है। किन्तु हमारे मन मस्तिष्क में, हमारी आत्मा में, हमारे अवचेतन में वे सदैव रहेंगे और सर्वश्रेष्ठ के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, ठाकुर सुरेन्द्र सिंजी पूर्व विधायक बुरहानपुर, उपाध्यक्ष जयंतीलाल सोमैय्या, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, सहसचिव के.डी. पटेल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लाड, श्री सुखलाल महाजन, सतीष अग्रवाल, श्री कैलाष पाटिल, विनोद शंखपाल, आलोक मिश्रा, विलास गोसावी, गुलाब मंसूरी, हर्षित सिंह ठाकुर, ठाकुर आदित्यवीर सिंह, विश्वजित सिंह ठाकुर, ठाकुर देवेश्वर सिंह, मुरली महाजन, ठाकुर जगदीश सिंह सेंगर, मैनेजर मनीष पटेल, डॉ. एस.एम. तारिक, टिनु भैया, शोएब कुरैषी, निर्मित शाह, शेख अनीस, डॉ. एस.एम. शकील (प्राचार्य सेवासदन महाविद्यालय), डॉ. जगदीश आसखडके (प्राचार्य सेवासदन षिक्षा महाविद्यालय), डॉ. मोहनलाल सोनी (प्राचार्य सेवासदन विधि महा विद्यालय), डॉ. राहुल राठौर (प्राचार्य सेवासदन प्रबंधन महाविद्यालय), डॉ. हर्षद दीक्षित (प्राचार्य सेवासदन हा. से. स्कूल), डॉ. नेहा चौधरी (प्राचार्य जीएनटी मांटेसरी एंड प्रायमरी स्कूल) सहित समस्त महाविद्यालयीन एवं स्कूल स्टॉफ ने स्व. ठाकुर वीरेन्द्रसिंहजी को श्रद्धासुमन चढाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रेडक्रास सोसायटी प्रबंध समिति सदस्यों का निर्वाचन कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर की प्रबंध समिति के 21 ;इक्कीसद्ध सदस्यों के निर्वाचन हेतु 7 अगस्त 2025 प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय में अपर कलेक्टर कोर्ट रूम नंबर 8 में नियोजन पत्र प्राप्त किये जावेंगे तथा 8 अगस्त 2025ए प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नियोजन पत्रों की जांच एवं वैध नियोजन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

नियोजन पत्रों की वापसी 8 अगस्त 2025 दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन 8 अगस्त 2025 को सायं 5 बजे किया जायेगा।

## केले के रेशे से बनी राखियां अब घर बैठे कर सकते ऑर्डर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में ईको.फ्रेंडली राखियां तैयार की जा रही है। यह राखियां आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा केले के तने से रेशे निकालकर बनाई जा रही हैं। देखने में सुंदरए देशी कारीगरी की सजावटए हाथों से बनी ये राखियाँ पर्यावरण अनुकूल हैं।

विदित है कि एक जिला एक उत्पादष् अंतर्गत बुरहानपुर जिले में केला फसल को चयनित किया गया है। जिले में समूह की महिलाएं केले के तने से रेशे निकालकर अन्य उत्पाद जैसे टोकरियां, झाड़ू, पेन स्टैंड, झूमर, पर्सए कंधी, किरिंग, गुड़िया आदि उत्पाद बना रही हैं। आजीविका मिशन महिलाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसरों का सृजन कर रहा है। महिलाएं स्वयं का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

**ऑनलाइन भी उपलब्ध :**-केले के रेशे से तैयार ये आकर्षक राखियां अब ऑनलाइन भी उपलब्ध है। ीजजचेरूध्ध्इंदंबतंजिण्बवउधेवच.6. 2ध् ;इस लिंक के माध्यम से सबसे पहले एड टू चार्ट, चेंज एड्रेस, प्रोसेस, प्रोसेस टू चेक आउट, बिलिंग डिटेल्स, देन प्लेस ऑर्डर करे। इस लिंक के माध्यम से आप इसे घर बैठे ऑर्डर कर मंगवा सकते हैं या फोन नंबर 91091.31531 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

जिला पंचायत कार्यालय में राखियों का स्टॉल लगाया गया है। जिसका कलेक्टर हर्ष सिंह ने अवलोकन किया एवं राखियां देखकर प्रशंसा की। कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में ष्एक जिला एक उत्पादष् अंतर्गत चयनित केला फसल से निर्मित उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए प्रशासन प्रयासरत हैं। जिले में आयोजित बनाना फेस्टिवल से भी इसे और अधिक ख्याति मिली है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की परियोजना प्रबंधक श्रीमति सन्तमती खलखो ने बताया कि प्रकृति से जुड़ा प्यार, बहन के स्नेह के साथ केले के रेशे से बनी सौ प्रतिशत इको.फ्रेंडली राखियाँ हाथ से बनी राखियाँ है।